# स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर मानगो नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत PMAY(U) के लाभुकों के लिए गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

Directorate of Municipal Administration, Urban Development & Housing Department
DMA

**खुशखबरी** | **शहरी घटक 4 के तहत लाभुकों को मिला लाभ**

## प्रधानमंत्री आवास योजना के 18 लाभुकों को कराया गया गृह प्रवेश

- **मानगो नगर निगम अंतर्गत अब तक 740 स्वीकृत आवासों में से 710 आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कराते हुए लाभुकों को उपलब्ध कराया गया है**

**वरीय संवाददाता, जमशेदपुर**



मानगो नगर निगम की ओर से स्वतंत्रता दिवस के दिन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाभुकों को गृह प्रवेश कराया गया. नगर विकास एवं आवास विभाग झारखंड सरकार रांची के निर्देश पर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी घटक 4 के तहत 18 लाभुकों को निर्मित आवासों में गृह प्रवेश कराया गया. गृह प्रवेश के पूर्व घर को फूल एवं बैलून से सजाया गया था. कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा स्वतंत्रता दिवस जैसे महत्वपूर्ण दिन में लाभुकों को सरकार के महत्वाकांक्षी योजना का लाभ मिलना मानगो नगर निगम के लिए एक अच्छी पहल है. उन्होंने लाभुकों से आवास योजना के तहत निर्मित अपने मकान को हमेशा स्वच्छ, सुंदर व साफ रखने की सलाह दी. मानगो नगर निगम अंतर्गत अब तक 740 स्वीकृत आवासों में से 710 आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कराते हुए लाभुकों को उपलब्ध कराया गया है. इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल पदाधिकारी सह नगर प्रबंधक दिनेश्वर यादव, सीएलटीसी कर्मी अपराजिता, सुजीत कुमार, श्रीनिवास आदि उपस्थित थे.

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार**

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA